# हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
## (कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी)
## कोलकाता - 700017

सं. एचसीएसएल/परि/एचआर /01/18-19 खंड-III 31 अक्तूबर 2020

हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (एचसीएसएल), कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्ववाली कंपनी, कोलकाता में निम्नलिखित पदों को भरने केलिए अनुभवी पेशेवरों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करते हैं। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) एचसीएसएल की तरफ से सभी भर्ती संबंधित गतिविधियों का समन्वय करेगा। फिर भी, एचसीएसएल में सभी पदों की नियुक्ति एचसीएसएल के सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जाएगी और सीएसएल चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति /तैनाती /सेवा शर्तों के संबंध में कोई जिम्मेदारी/उत्तरदायित्व नही लेता है ।

**क. पद, रिक्तियां, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, कार्य अपेक्षाएं और आयु:**

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक महाप्रबंधक (पोत निर्माण व पोत मरम्मत)<br>ई-5 ग्रेड<br>₹80000-220000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**आवश्यक :**<br>एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मेकानिकल/ नौवास्तुविद्/ समुद्री इजीनियरिंग में 60% अंक के साथ न्यूनतम उपाधि।<br>**वांछनीय :**<br>ओटोकैड, एमएस परियोजना, एमएस ऑफिस, प्राइमावेरा आदि कंप्यूटर एप्लिकेशनों में प्रवीणता।<br>**अनुभव :**<br>**आवश्यक :**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• अपतटीय संरचना<br>• समुद्र संबधी इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनियां/ संस्थानों<br>में न्यूनतम 15 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br>योजना/ उत्पादन/ प्रापण/ संरचना/ आउटफिट्टिंग/ मरम्मत/ गुणवत्ता आश्वासन/ संस्थापन/ परियोजना प्रबंधन / वाणिज्य/ विपणन के क्षेत्र में अनुभव।<br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के | 50 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br>**वांछनीय :**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव । उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>एचसीएसएल परियोजना के निष्पादन और पोत मरम्मत एवं पोत निर्माण प्रचालनों के समग्र निष्पादन से जुडे सभी कार्यों और नियत कामों, एचीसीएसएल परियोजना और निर्माण/मरम्मत परियोजना प्रबंधन, संबंधी अनुबंध प्रबंधन, उप-अनुबंध, संपर्क कार्य और ग्राहकों, वर्गीकरण सोसाइटियां और विविध सरकारी अभिकरणों/सांविधिक संस्थानों आदि के साथ पारस्परिक विचार-विमर्श आदि केलिए जिम्मेदार होगा । इसमें मौजूदा बुनियादी ढांचे और प्रणालियों के साथ-साथ नए बुनियादी ढांचे और प्रणालियों को पुनर्निर्माण करने का कार्य शामिल है । यार्ड में वृद्धि और आधुनिकीकरण का प्रत्यक्ष कार्यान्वयन । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । एक टीम बिल्डर होना चाहिए और सभी सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता का प्रदर्शन करना चाहिए । गुणवत्ता, मानकों, विनिर्देशों और रेखाचित्रों के साथ समनुरूपता का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सलाहकारों और ठेकेदारों के साथ नियमित बैठकों का आयोजन । तकनीकी विवरण/बीओक्यू आदि की समीक्षा, बिलों का सत्यापन और प्रमाणन । एसओपी की तैयारी और अनुरक्षण प्रक्रियाओं के रिकॉर्ड करना आदि । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 2 | प्रबंधक (मेकानिकल),<br>ई-3 ग्रेड,<br>₹ 60000-180000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**आवश्यक :**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकानिकल इंजीनियरिंग में उपाधि।<br>**वांछनीय :**<br>ओटोकैड, एम एस परियोजना, एम एस ऑफिस आदि कंप्यूटर एप्लिकेशनों में प्रवीणता।<br>**अनुभव :**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद | 40 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | • पोत निर्माण कंपनी या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• अपतटीय संरचना और अन्य समुद्र संबधी इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनियां/ संस्थान<br><br>में न्यूनतम 9 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br><br>योजना/ उत्पादन/ प्रापण/ संरचना/ आउटफिट्टिंग/ मरम्मत/ गुणवत्ता आवश्वासन/ संस्थापन/ परियोजना प्रबंधन / वाणिज्य/ विपणन के क्षेत्र में अनुभव।<br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br>**वांछनीय :**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव । उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>एक अच्छा टीम खिलाडी होना चाहिए और सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता प्रदर्शित करेगा । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । वाणिज्यिक / प्रापण / प्रचालन अनुभागों की गतिविधियों की योजना, आयोजन और समन्वय कार्य, पोत मरम्मत/ पोत निर्माण से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन और समय पर पूर्ति, परियोजना कार्यान्वयन साथ ही इनवॉइस निपटान के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, विक्रेता एवं ठेकेदार के साथ समन्वय कार्य, सामग्रियों के प्रापण में विक्रेताओं के साथ संपर्क कार्य, उप-ठेका कार्य पैकेजों केलिए ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सम्मत कमी सूची, एडब्ल्यूआरएफ, जीडब्ल्यूआरएफ आदि के अनुसार कार्यक्षेत्र की मरम्मत का निष्पादन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों के सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी | |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 3 | प्रबंधक (सामग्री),<br>ई-3 ग्रेड,<br>₹ 60000-180000 | 1 पद<br>(अनारक्षित)# | **<u>शैक्षिक योग्यता:</u>**<br>**<u>आवश्यक</u>** :<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ किसी भी शाखा से इंजीनियरिंग की उपाधि।<br>**<u>वांछनीय :</u>**<br>क) सामग्री प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर योग्यता।<br>ख) ओटोकैड, एम एस परियोजना, एम एस ऑफिस आदि कंप्यूटर एप्लिकेशनों में प्रवीणता।<br>**<u>अनुभव</u>** :<br>**<u>आवश्यक</u>** :<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• शिपयार्ड या<br>• समुद्री इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी ऑफशोर कंपनी या<br>• वर्गीकरण सोसाइटी/ पोत मालिक या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनियां/ संस्थानों<br><br>में न्यूनतम 9 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव, जो सामग्री प्रबंधन या अनुबंध प्रबंधन के क्षेत्र में होना चाहिए ।<br><br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br><br>**<u>वांछनीय :</u>**<br>क) आपूर्ति श्रृंखला/ सूची प्रबंधन, क्रय प्रक्रिया, आयात और निकासी प्रक्रियाओं जैसे विभिन्न सामग्री प्रबंधन या अनुबंध प्रबंधन गतिविधियों में प्रवीण होना चाहिए ।<br>ख) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में अनुभव।<br>ग) आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (एससीएम), आपूर्ति संबंध प्रबंधन (एसआरएम), भण्डार प्रबंधन, लेखापरीक्षा, ई- निविदा, ई-प्रापण और सरकारी निविदा प्रक्रिया का ज्ञान।<br>घ) ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव । | 40 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | ङ) उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>एक अच्छा टीम खिलाडी होना चाहिए और सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता प्रदर्शित करेगा । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । विभिन्न सरकारी/वैधानिक अभिकरणों के साथ संपर्क कार्य । समय पर सुपुर्दगी के साथ अनुसूची के अनुसार सामग्री की खरीद । तकनीकी विवरण/बीओक्यू, आरेखण आदि की समीक्षा, बिलों के सत्यापन और प्रमाणीकरण, विक्रेता विकास, ई-प्रापण आदि । प्रक्रियाओं और विनियामक आवश्यकताओं का अनुपालन करनेवाले अधिकांश प्रतिस्पर्धी मूल्य पर सर्वोत्तम गुणवत्तावाली वस्तुओं की सोर्सिंग और खरीद, निविदाएं चलाने, बोलियों का मूल्यांकन करने, अनुबंधों पर बातचीत करने, सिफारिशें करने आदि केलिए जिम्मेदार होगा । पूर्वानुमान मूल्य की प्रवृत्ति और भविष्य की गतिविधियों पर उसका प्रभाव, प्रवृत्तियों और नवाचारों, विनियमन और नई तकनीक के साथ अद्यतित रहें जो व्यवसाय/खरीद पर प्रभाव डाल सकते हैं और यह सुनिश्चित करें कि आपूर्तिकर्ता व्यवसायिक उद्देश्यों के बारे में जानते हैं, प्रापण से जुडे कर्मचारियों के एक टीम का प्रबंधन करें और उसे प्रेरित करें और आपूर्तिकर्ताओं, स्टोर, योजना, विपणन, डिजाइन, ग्राहकों आदि जैसे आंतरिक टीमों के साथ संपर्क कार्य ताकि प्रापण उद्देश्य पूरा हो । नियत क्षेत्रों में आईएमएस गतिविधियों केलिए जिम्मेदार होगा । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 4 | प्रबंधक (नौवास्तुविद्)<br>ई-3 ग्रेड<br>₹ 60000-180000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**आवश्यक** :<br>क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ नौवास्तुविद् इंजीनियरिंग में उपाधि।<br>**या** | 40 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकानिकल/ समुद्री/ सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि और न्यूनतम एक वर्ष की अवधि केलिए पोत निर्माण/ नौवास्तुविद् में योग्यता जैसे नौवास्तुविद् में स्नातकोत्तर उपाधि या नौवास्तुविद् में डिप्लोमा या नौसेना निर्माण में डिप्लोमा।<br>**वांछनीय :**<br>ओटोकैड, एसएपी, एमएस परियोजना आदि कंप्यूटर एप्लिकेशनों में प्रवीणता।<br>**अनुभव :**<br>**आवश्यक :**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• शिपयार्ड या<br>• डॉकयार्ड या<br>• समुद्री इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी ऑफशोर कंपनी या<br>• वर्गीकरण सोसाइटी/ पोत मालिक आदि<br>में न्यूनतम 9 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br>डिज़ाइन/ योजना/ पोत हल निर्माण या मरम्मत में पर्याप्त ज्ञान और पहुँच होनी चाहिए। शिपयार्ड या डॉकयार्ड में पोतों/ जहाज़ों के डॉकिंग या अनडॉकिंग से संबंधित प्रचालनों में अनुभव होना चाहिए।<br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br>**वांछनीय :**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव । उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>एक अच्छा टीम खिलाडी होना चाहिए और सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता प्रदर्शित करेगा । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा | |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । विभिन्न पोतों के बुनियादी डिजाइन बनाने और व्यवसाय विकास, डिजाइन और पोत निर्माण विभागों के साथ बातचीत केलिए जिम्मेदार होगा । नौसेना के वास्तुशिल्प और संरचनात्मक डिजाइन, राष्ट्रीय प्राधिकरणों और वर्गीकरण सोसाइटी आदि के साथ बातचीत और काम करने केलिए भी जिम्मेदार होगा । राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने केलिए परियोजना बिक्री में अच्छा संचार कौशल । विविध सरकारी /सांविधिक अभिकरणों के साथ संपर्क कार्य । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 5 | उप प्रबंधक (सामग्री)<br>ई-2 ग्रेड<br>₹ 50000-160000 | 1 पद<br>(अनारक्षित)# | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**आवश्यक** :<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ किसी भी शाखा से इंजीनियरिंग की उपाधि।<br>**वांछनीय :**<br>क) सामग्री प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर योग्यता।<br>ख) ओटोकैड, एसएपी, एमएस परियोजना आदि कंप्यूटर अनुप्रयोगों में प्रवीणता।<br>**अनुभव** :<br>**आवश्यक** :<br>सामग्री प्रबंधन या अनुबंध प्रबंधन के क्षेत्र में योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• शिपयार्ड या<br>• समुद्री इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी ऑफशोर कंपनी या<br>• वर्गीकरण सोसाइटी/ पोत मालिक या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी / स्थापना<br>में न्यूनतम 7 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव ।<br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए । | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | **वांछनीय :**<br>क) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में अनुभव।<br>ख) आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन (एससीएम), आपूर्ति संबंध प्रबंधन (एसआरएम), भण्डार प्रबंधन, अंकेक्षण, ई- निविदा, ई-प्रापण और सरकारी निविदा प्रक्रिया का ज्ञान।<br>ग) ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव ।<br>घ) उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>एक अच्छा टीम खिलाडी होना चाहिए और सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता प्रदर्शित करेगा । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । विभिन्न सरकारी/वैधानिक अभिकरणों के साथ संपर्क कार्य । समय पर सुपुर्दगी के साथ अनुसूची के अनुसार सामग्री की खरीद । तकनीकी विवरण/बीओक्यू, आरेखण आदि की समीक्षा, बिलों के सत्यापन और प्रमाणीकरण, विक्रेता विकास, ई-प्रापण आदि । प्रक्रियाओं और विनियामक आवश्यकताओं का अनुपालन करनेवाले अधिकांश प्रतिस्पर्धी मूल्य पर सर्वोत्तम गुणवत्तावाली वस्तुओं की सोर्सिंग और खरीद, निविदाएं चलाने, बोलियों का मूल्यांकन करने, अनुबंधों पर बातचीत करने, सिफारिशें करने आदि केलिए जिम्मेदार होगा । पूर्वानुमान मूल्य की प्रवृत्ति और भविष्य की गतिविधियों पर उसका प्रभाव, प्रवृत्तियों और नवाचारों, विनियमन और नई तकनीक के साथ अद्यतित रहें जो व्यवसाय/खरीद पर प्रभाव डाल सकते हैं और यह सुनिश्चित करें कि आपूर्तिकर्ता व्यवसायिक उद्देश्यों के बारे में जानते हैं, प्रापण से जुडे कर्मचारियों के एक टीम का प्रबंधन करें और उसे प्रेरित करें और आपूर्तिकर्ताओं, स्टोर, योजना, विपणन, डिजाइन, ग्राहकों आदि जैसे आंतरिक टीमों के साथ संपर्क कार्य ताकि प्रापण उद्देश्य पूरा हो । नियत क्षेत्रों में आईएमएस गतिविधियों केलिए जिम्मेदार होगा । ऊपर तक सीमित नहीं, | |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 6 | उप प्रबंधक (मेकानिकल)<br>ई-2 ग्रेड<br>₹ 50000-160000 | 2 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**आवश्यक** :<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकानिकल इंजीनियरिंग में उपाधि।<br>**वांछनीय :**<br>ओटोकैड, एम एस परियोजना, एमएस ऑफिस आदि कंप्यूटर ऐप्लिकेशनों में प्रवीणता।<br>**अनुभव** :<br>**आवश्यक :**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• अपतटीय संरचना / अन्य समुद्री संबंधी इंजीनियरिंग कंपनियों या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनियां/ संस्थानों<br>में न्यूनतम 7 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br>योजना/ उत्पादन/ प्रापण/ संरचना/ आउटफिट्टिंग/ मरम्मत/ गुणवत्ता आश्वासन/ संस्थापना / परियोजना प्रबंधन / वाणिज्यिक/ विपणन के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए।<br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br>**वांछनीय :**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है। उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>एक अच्छा टीम खिलाडी होना चाहिए और सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता प्रदर्शित करेगा । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | जिम्मेदारी लेना चाहिए । वाणिज्यिक/प्रापण/ प्रचालन अनुभागों की गतिविधियों की योजना, आयोजन और समन्वय कार्य, पोत मरम्मत से संबंधित सभी इलेक्ट्रिकल सिस्टम कार्यों का निष्पादन और समय पर पूर्ति, परियोजना कार्यान्वयन साथ ही इनवॉइस निपटान के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, विक्रेता एवं ठेकेदार के साथ समन्वय कार्य, सामग्रियों के प्रापण में विक्रेताओं के साथ संपर्क कार्य, उप-ठेका कार्य पैकेजों केलिए ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सम्मत कमी सूची, एडब्ल्यूआरएफ, जीडब्ल्यूआरएफ आदि के अनुसार कार्यक्षेत्र की मरम्मत का निष्पादन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों के सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 7 | उप प्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिक्स),<br>ई -2 ग्रेड,<br>₹ 50000-160000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **<u>शैक्षिक योग्यता:</u>**<br>**<u>आवश्यक</u>** :<br>एक मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स व कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स व इन्स्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में उपाधि ।<br>**<u>वांछनीय :</u>**<br>ओटोकैड, एसएपी, एम एस परियोजना, एम एस ऑफिस आदि कंप्यूटर ऐप्लिकेशनों में प्रवीणता।<br>**<u>अनुभव</u>** :<br>**<u>आवश्यक</u>** :<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद निम्नलिखित<br>• पोत निर्माण या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या और<br>• सरकारी /अर्ध सरकारी कंपनियां/संस्थानों<br>में न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव ।<br>इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण / एकीकरण/ उपकरण डिज़ाइन/ प्रापण/ स्थापना/ पोत संबंधी इलेक्ट्रॉनिक्स, नेविगेशन और संचार उपकरणों की मरम्मत, संबंधी क्षेत्र में उपकरण नियंत्रण और इंस्ट्रूमेंटेशन और परियोजना निष्पादन के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए, जिनमें से कम से कम एक वर्ष सार्वजनिक | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | उपक्रम के नियमित कैडर में तत्काल कम वेतनमान में या सरकारी/ स्वायत्त निकायों के मामले में तत्काल कम वेतनमान के बराबर में होना चाहिए ।<br>**<u>वांछनीय :</u>**<br>कंप्यूटरीकृत वातावरण/ ईआरपी/ एसएपी में काम करने का अनुभव। उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br>**<u>कार्य अपेक्षाएं :</u>**<br>एक अच्छा टीम खिलाडी होना चाहिए और सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता प्रदर्शित करेगा । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । वाणिज्यिक / प्रापण / प्रचालन / क्यूसी / रखरखाव की गतिविधियों की योजना, आयोजन और समन्वय कार्य, पोत मरम्मत से संबंधित सभी इलेक्ट्रिकल सिस्टम कार्यों का निष्पादन और समय पर पूर्ति, परियोजना कार्यान्वयन साथ ही इनवॉइस निपटान के दौरान परियोजना टीम, ग्राहक, विक्रेता एवं ठेकेदार के साथ समन्वय कार्य, सामग्रियों के प्रापण में विक्रेताओं के साथ संपर्क कार्य, उप-ठेका कार्य पैकेजों केलिए ठेकेदारों के साथ समन्वय कार्य, सम्मत कमी सूची, एडब्ल्यूआरएफ, जीडब्ल्यूआरएफ आदि के अनुसार कार्यक्षेत्र की मरम्मत का निष्पादन, यार्ड गुणवत्ता प्रबंधन और एचएसई प्रणालियों के सख्त अनुपालन की सुनिश्चितता । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 8 | उप प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण), ई -2 ग्रेड,<br>₹ 50000-160000 | 1 पद (अनारक्षित) | **<u>शैक्षिक योग्यता:</u>**<br>**<u>आवश्यक</u>** :<br>एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकानिकल इंजीनियरिंग में उपाधि ।<br>**<u>वांछनीय :</u>**<br>ओटोकैड, एसएपी, एमएस परियोजना आदि कंप्यूटर एप्लिकेशनों में प्रवीणता। | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | **अनुभव :**<br>**आवश्यक :**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद पोत निर्माण गुणवत्ता मानकों की परिचितता के साथ पोत निर्माण और मरम्मत प्रक्रियाओं में हल और इंजीनियरिंग में 7 वर्ष का प्रबंधकीय अनुभव।<br>**या**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद इंजीनियरिंग कंपनी में गुणवत्ता आश्वासन (गु.आ.)/ गुणवत्ता नियंत्रण (गु.नि.) में 7 वर्ष का प्रबंधकीय अनुभव।<br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br>**वांछनीय :**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है। गुणवत्ता दल/ लैब और एनडीटी में अनुभव। उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>एक अच्छा टीम खिलाडी होना चाहिए और सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता प्रदर्शित करेगा । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । विभिन्न सरकारी/वैधानिक अभिकरणों के साथ संपर्क कार्य । ग्राहक/सर्वेयर आवश्यकताओं का प्रबंधन । तकनीकी विवरण/बीओक्यू, आरेखण आदि की समीक्षा, बिलों का सत्यापन और प्रमाणन । आईएमएस गतिविधियों केलिए जिम्मेदार होगा । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 9 | उप प्रबंधक (कंपनी सचिव),<br>ई -2 ग्रेड<br>₹ 50000-160000 | 1 पद<br>(अनारक्षित)# | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**आवश्यक :**<br>एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ उपाधि और भारत के कंपनी सचिवों का संस्थानों की असोसिएट सदस्यता। | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | **वांछनीय :**<br>क) कानून (एलएलबी/ एलएलएम), एमबीए वित्त, सीएफए, सीए, आईसीडब्ल्यूए या अन्य प्रमाणपत्र आईसीएसआई सदस्यता के साथ अतिरिक्त योग्यता।<br>ख) उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br><br>**अनुभव :**<br>**आवश्यक:**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 7 वर्षों का अनुभव, जिसमें से 5 वर्षों का अनुभव 10 करोड रुपए और उससे ऊपर के प्रदत्त पूंजी के कंपनी के पूर्णकालिक कंपनी सचिव के रूप में होना चाहिए ।<br>कम से कम एक वर्ष का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी/ स्वायत्त निकायों के नियमित कैडरों के मामले में तत्काल कम वेतनमान या बराबर होना चाहिए ।<br>**वांछनीय :**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है।<br>**कार्य अपेक्षाएं:**<br>अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । विभिन्न सरकारी/वैधानिक अभिकरणों के साथ संपर्क कार्य । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| 10 | सहायक प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), ई-1 ग्रेड<br>₹ 40000- 140000 | 1 पद<br>(अनारक्षित) | **शैक्षिक योग्यता:**<br>**आवश्यक** :<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में उपाधि।<br><br>**वांछनीय :**<br>ओटोकैड, एसएपी, एम एस परियोजना, एम एस ऑफिस आदि कंप्यूटर अनुप्रयोगों में प्रवीणता। | 30 साल से अधिक न हो। |

| क्र सं | पदों का नाम, ग्रेड और वेतनमान | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|---|
| | | | **अनुभव :**<br>**आवश्यक :**<br>योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण या<br>• पोत मरम्मत या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• अपतटीय फैब्रिकेशन / अन्य समुद्री संबंधी संस्थापना या<br>• वर्गीकरण सोसाइटी/ अन्य समुद्री संबंधी इंजीनियरिंग कंपनी<br><br>में न्यूनतम 3 वर्षों का प्रबंधकीय अनुभव।<br>विद्युत उपकरण का संस्थापन/ आउटफिट्टिंग/मरम्मत/ गुणवत्ता आश्वासन/ विद्युत उत्पादन और वितरण का संस्थापन एवं कमीशनिंग / परियोजना निष्पादन के क्षेत्र में अनुभव होना चाहिए।<br>**वांछनीय :**<br>ईआरपी/ एसएपी कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव वांछनीय है। एससीएडीए/ सबस्टेशन प्रबंधन/ ऊर्जा प्रबंधन में अनुभव। उम्मीदवार को अच्छा संचार कौशल और हिंदी/ बंगाली में कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए।<br><br>**कार्य अपेक्षाएं :**<br>एक अच्छा टीम खिलाडी होना चाहिए और सरकारी गतिविधियों में वृत्ति दक्षता प्रदर्शित करेगा । अल्पकालीन सूचना पर यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय-सीमा आदि के भीतर निर्धारित लक्ष्यों के सामने काम करने की जिम्मेदारी लेना चाहिए । विभिन्न सरकारी/वैधानिक अभिकरणों के साथ संपर्क कार्य । ग्राहक/सर्वेयर आवश्यकताओं का प्रबंधन । तकनीकी विवरण/बीओक्यू, आरेखण आदि की समीक्षा, बिलों का सत्यापन और प्रमाणन । ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों केलिए जिम्मेदार होगा । ऊपर तक सीमित नहीं, एचसीएसएल प्रबंधन के निदेशानुसार किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने केलिए उत्तरदायी होगा । | |
| | **कुल** | **11 पद (अनारक्षित)** | | |

# उपर्युक्त 3 पदों (क्र.सं. 3,5 और 9 से) में से एक पद अशक्त बैंचमार्क व्यक्ति केलिए निश्चित है। तीनों पदों और श्रेणियों केलिए शारीरिक आवश्यकताएं खंड ङ (ख) में विस्तृत रूप से दिया गया है।

**ख. वेतनमान, लाभ और तैनाती :**

क) कार्यपालक मूल वेतन के अलावा जैसा लागू औद्योगिक महंगाई भत्ता, मूल वेतन के 24% की दर पर मकान किराया भत्ता, मूल वेतन के 35% तक परिलब्धियां, अंशदायी भविष्य निधि, दुर्घटना बीमा संरक्षण, अंशदायी चिकित्सा बीमा नीति के अंतर्गत चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति, छुट्टी नकदीकरण आदि केलिए पात्र हैं।

ख) निम्नलिखित सारणी में न्यूनतम मापनी पर सीटीसी सूचित करता है:

| ग्रेड | वेतनमान | सीटीसी (लगभग) |
|---|---|---|
| ई 5 | ₹80000-3%-220000 | ₹ 21.7 लाख |
| ई 3 | ₹60000-3%-180000 | ₹ 16.4 लाख |
| ई 2 | ₹50000-3%-160000 | ₹ 13.8 लाख |
| ई 1 | ₹40000-3%-140000 | ₹ 11.2 लाख |

ग) सभी पदों केलिए, तैनाती, एचसीएसएल द्वारा वांछितानुसार, हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (एचसीएसएल), कोलकाता / अन्य परियोजना साइटों में होगी।

**ग. आयु :**

**क) पदों केलिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा दिनांक 30 नवंबर 2020 के अनुसार किया जाएगा।**

ख) भूतपूर्व सैनिकों और बैंचमार्क दिव्यागंजन व्यक्तियों केलिए आयु में छूट भारत सरकार के मार्ग निर्देशों के अनुसार दी जाएगी। फिर भी, किसी भी मामले में, आयु में सभी छूट लगाने के बाद सहायक महाप्रबंधक के पदों केलिए 55 वर्ष, प्रबंधक केलिए 50 वर्ष, उप प्रबंधक केलिए आयु सीमा 45 वर्ष और सहायक प्रबंधक केलिए 40 वर्ष से अधिक न हो।

**घ. चयन की रीति:**

क) कोविड़- 19 महामारी के मामले में चयन प्रक्रिया कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, कोच्ची में या साक्षात्कार इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से या सीएसएल द्वारा तय किए जाने वाले किसी अन्य स्थान में आयोजित की जाएगी।

ख) सहायक महाप्रबंधक, प्रबंधक और उप प्रबंधक के पदों केलिए, चयन की रीति में पावर-पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण, ग्रूप चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार शामिल होंगे। जो उम्मीदवार पदों केलिए अस्थायी रूप से लघुसूचीगत किए गयए है, उन्हें अपने कार्य अनुभव (दस मिनट की अवधि से अधिक न हो) प्रस्तुत करने केलिए पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण करना आवश्यक है। कार्य अनुभव का मूल्यांकन उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों और कार्य अनुभव पर किए पावर पॉइन्ट के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा। पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण के आधार पर, उम्मीदवारों को आगे के ग्रूप चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए लघुसूचीगत किया जाएगा। जो उम्मीदवार अधिसूचित कार्य अनुभव और काम की आवश्यकताओं को पूरा करता है, उन्हे ही ग्रूप चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। चयन केलिए निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर लघुसूचीगत उम्मीदवारों को अंक प्रदान किए जाएंगे:

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | संगत कार्य / क्षेत्र में कार्य अनुभव | : | 40% अंक |
| ख) | कार्य अनुभव पर पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण | : | 30% अंक |
| ग) | ग्रूप चर्चा | : | 10% अंक |
| घ) | वैयक्तिक साक्षात्कार | : | 20% अंक |

ग) उप प्रबंधक के पद केलिए, ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर वस्तुनिष्ठ/ विवरणात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

घ) सहायक प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) के पद केलिए, चयन की विधि में वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा, विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा के बाद ग्रूप चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार शामिल है। विवरण निम्नानुसार है:-

(i) ऑनलाइन आवेदनों की संख्या के आधार पर, वस्तुनिष्ठ / विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा ऑनलाइन/ ऑफलाइन मोड के माध्यम से होंगी।

(ii) वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा 40 अंक का होगा, जिसमें 45 मिनट की अवधि होगी और, सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, तर्क, मात्रात्मक कौशल और विषय संबंधी 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। विवणात्मक प्रकार की परीक्षा 30 अंक का होगा, जिसमें 90 की अवधि में विषय आधारित प्रश्न होंगे। तदनुसार, अंतिम चयन केलिए वेटेज निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर होगा :-

- ➢ वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा अंक : 40% अंक
- ➢ विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा अंक : 30% अंक
- ➢ ग्रूप चर्चा : 10% अंक
- ➢ वैयक्तिक साक्षात्कार : 20% अंक

(iii) उम्मीदवारों द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर, उम्मीदवारों को योग्यता के क्रम में 1:6 के अनुपात में प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए लघुसूचीगत किया जाएगा। प्रमाणपत्र सत्यापन को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही केवल विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा के बाद के समूह चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। यदि, वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में एक से अधिक उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त हुआ है तो, वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा के विषय भाग में प्राप्त अंको को योग्यता सूची के क्रम को निर्धारित करने का आधार माना जाएगा। इसके बाद टाई के मामले में, उम्र की वरिष्ठता के आधार पर संबंधित योग्यता तय की जाएगी।

(iv) हालांकि, सीएसएल को प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए उम्मीदवारों को लघुसूचीगत करने हेतु वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में पास होने केलिए न्यूनतम अंक तय करने का अधिकार है और ऐसे मामले में लघुसूचीगत का अनुपात 1:6 से कम हो सकता है। सीएसएल को अपने विवेकाधिकार से विवरणात्मक प्रकार की परीक्षा केलिए न्यूनतम अंक तय करने का अधिकार है।

ङ) चयन केलिए मानदण्ड में परिवर्तन हो सकता है और चयन प्रक्रिया के प्रारंभ होने से पहले उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा।

## ङ. शर्तें

### क) आरक्षण:

(i) अ.जा./ अ.ज.जा/अ.पि.व/अ.पि.व(अल्पसंख्यक) /ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी /भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) उम्मीदवारों केलिए लागू आरक्षण पर भारत सरकार के निदेशों को योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन लागू करेंगे ।

(ii) पीडब्ल्यूबीडी व्यक्तियों के मामले में दिव्यांगजता की मात्रा न्यूनतम 40% होना चाहिए। दिव्यांगजन व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2017 के अनुसार, उम्मीदवारों के पास दिव्यांगजता के प्रमाण में भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकरण से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त *वैध अशक्तता प्रमाणपत्र* होना चाहिए।

ख. **पदों केलिए बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों केलिए शारीरिक योग्यता :**

| क्र. सं | पद का नाम | दिनांक 15.01.2018 के डीओपीटी का.ज्ञा. सं. 36035/02/2017 के खंड 2.2 के अनुसार बैचमार्क दिव्यांगजन की श्रेणियां (पीडब्ल्यूबीडी) | शारीरिक आवश्यकताएं |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रबंधक ( सामग्री | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, डब्ल्यू, आरडब्ल्यू, एसई, सी |
| (ii) | उप प्रबंधक ( सामग्री) | खण्ड 2.2 (ख और ग) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, डब्ल्यू, आरडब्ल्यू, एसई, सी |
| (iii) | उप प्रबंधक ( कंपनी सचिव) | खण्ड 2.2 (ख, ग और ङ) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, डब्ल्यू, आरडब्ल्यू, एमएफ, सी, एसई |

**संक्षेप में उपयुक्त**: एस- बैठना, एसटी- खड़ा होना, डब्ल्यू- चलना, एमएफ- उंगली चलाना, आरडब्ल्यू- पढ़ना और लिखना, एसई- देखना, सी- कम्यूनिकेशन ।

ग) **योग्यता:**

(i) पदों केलिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता ए आई सी टी ई / राज्य/केंद्र सरकार में उचित सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान/ परीक्षा बोर्ड से होना चाहिए ।

(ii) जिन आवेदक के पास निर्धारित योग्यताओं में से किसी के समतुल्य योग्यता है वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी तुल्यता प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत होना चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र के बिना, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(iii) आवेदकों को पदों केलिए प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदनों में योग्यता परिक्षाओं में उनके द्वारा प्रप्त अंकों के ठीक प्रतिशत को भरना आवश्यक है। कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान / परीक्षा बोर्ड श्रेणी या अंक की प्रतिशतता न देकर कुल ग्रेड पोइन्ट (उदा: सीजीपीए / ओजीपीए/ सीपीआई आदि) देते हैं। विश्वविद्यालय /संस्थान / परीक्षा बोर्ड उम्मीदवारों की अंक सूची में कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और/या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक निर्धारित करने के मामले में वही स्वीकार किया जाएगा। फिर भी जहाँ विश्वविद्यालय /संस्थान / परीक्षा बोर्ड कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक नहीं प्रदान की गई है, अपेक्षित अंक की प्रतिशतता प्राप्त करने के लिए कुल ग्रेड पोइन्ट को 10 से गुणा किया जाएगा।

घ) **अनुभव:**

(i) **केवल उपर्युक्त मद 'क ' में निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण होने के बाद प्राप्त किए अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। योग्यता प्राप्त करने के बाद के अनुभव की अवधि दि. 30 नवंबर 2020 से गिना जाएगा।**

(ii) किसी भी संगठन में प्रशिक्षण अवधि को कार्य अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा, जिसमें कार्यकारी प्रशिक्षण, प्रबंधन प्रशिक्षण, प्रशिक्षु प्रशिक्षण, उन्नत प्रशिक्षण या किसी अन्य प्रशिक्षण की अवधि शामिल है।

(iii) **कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत कंपनी या समतुल्य स्थिति की विदेशी कंपनी से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्र मिलने पर ही चयन प्रक्रिया केलिए सूचीबद्ध करने हेतु विचार किया जाएगा।**

(iv) आवेदक जो वर्तमान रूप में किसी कंपनी (निजी/ सार्वजनिक/ सरकारी) में काम कर रहे हैं, अनुभव प्रमाणपत्र के अभाव में, कार्य अनुभव के सबूत के रूप में, कंपनी द्वारा जारी **नियुक्ति/ नियुक्ति प्रस्ताव पत्र की प्रति, हाल के वेतन पर्ची/ चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम आहरित वेतन की प्रति और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान सीटीसी**

**प्रमाणपत्र/पूर्व वित्तीय वर्ष के आईटी फॉर्म**-16 प्रस्तुत करना चाहिए। **पिछले रोज़गार केलिए, कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्ति की तिथि को सूचित करते हुए अनुभव प्रमाणपत्र** प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रमाणपत्र सत्यापन के दौरान, उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन में बताए अनुभव को स्थापित करने केलिए सभी मूल प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत किया जाना है, असफल होने पर आगे के चयन में भाग लेने केलिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

(v) नियमित सरकारी सेवा या सरकारी स्वामित्ववाले औद्योगिक या अन्य समान संगठनों के उम्मीदवारों को आवेदन ऑनलाइन द्वारा सीधे सीएसएल में प्रस्तुत करना चाहिए। हालांकि ऐसे उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र **(अनुलग्नक - I के अनुसार)** अपलॉड करना है कि उन्होंने अपने नियोक्ता को लिखित रूप में सूचित किया है कि वे सीएसएल द्वारा अधिसूचित पदों केलिए आवदेन कर रहे है। यदि नियोक्ता से कोई भी आपत्ति प्राप्त होती है तो, ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(vi) भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से जुडे उम्मीदवार के मामले में, उन्हें सशस्त्र बल से कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/ बुक/ पेशन भुगतान आदेश की प्रतिलिपि प्रस्तुत करना है। जिन भूतपूर्व सैनिकों ने अपने कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/बुक में योग्यता अनुलेखित किया है, उन्हें सशस्त्र बलों में संबंधित शाखा में काम करने का अनुभव होना चाहिए। योग्यता की समतुल्यता दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्रमाण के साथ उसी के कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र में समतुल्यता या समर्थन के प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए (भारत सरकार द्वारा जारी आदेश का संदर्भ लें), अनुभव प्रमाण के रूप में सशस्त्र बलों में संगत शाखा में योग्यता और कार्य अनुभव को दर्शाने वाले प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए और प्रमाणपत्र सत्यापन प्रक्रिया के दौरान भी उसे प्रस्तुत करना है। उन्हें संबंधित अधिकारियों से अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है, जिसके प्रस्तुत करने में चूक होने पर उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) उन भूतपूर्व सैनिकों को, भूतपूर्व सैनिक के रूप में उन्हें दिए गए लाभों का लाभ उठाने के बाद गैर सैनिक पक्ष पर किसी भी सरकारी नौकरी में पुन: रोजगार पर, सरकार में पुन: रोजगार के उद्देश्य केलिए उनकी भूतपूर्व सैनिक स्थिति को डीओपीटी का. ज्ञा.सं.- 36034/27/84- स्था (एससीटी) दिनांक 02.05.1985, 36034/6/90- स्था.(एससीटी) दिनांक 10.10.1994 और 36034/1/2014-स्था (एससीटी) दिनांक 14.08.2014 द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। **सभी भूतपूर्व सैनिक इस बात के लिए ऑनलाइन आवेदन के साथ एक वचन पत्र प्रस्तुत करेंगे, कि वे पूर्व सैनिकों केलिए लाभ उठाने के बाद सरकार में फिर से नियोजित नहीं किए गए हैं।**

ङ) **आवेदन शुल्क:**

(i) **ऑनलाइन भुगतान विकल्प (डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग) का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन सुविधा के माध्यम से** 1000/- **रुपए (नावापसी, बैंक चार्ज सहित)** का आवेदन शुल्क प्रेषित किया जाना चाहिए, जो **दिनांक** 13 **नवबंर** 2020 **से** 30 **नवंबर** 2020 **तक** प्रयोग किया जा सकता है।

(ii) **अ.जा/ अ.ज.जा/ बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों केलिए कोई आवेदन शुल्क नहीं हैं।** उन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई हैं।

(iii) सभी आवेदक जिन्हें आवेदन शुल्क लागू है, अर्थात् अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी व्यक्ति को छोडकर, उपर्युक्त खंड ङ (i) में निर्धारितानुसार भुगतान करना चाहिए। **यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि केवल आवेदन शुल्क की रसीद पर ही उम्मीदवारी पर विचार की जाएगी।**

च) **आवेदन कैसे करें:**

(i) ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व **आवेदक हमारे वेबसाइट** www.cochinshipyard.com **(कैरियर पृष्ठ) में दिए यूज़र मैनुवल पढना चाहिए।** आवेदन में दो चरण है- **एक बार पंजीकरण और लागू पद केलिए आवेदन प्रस्तुत करना।** उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन न प्रस्तुत करें। एक बार प्रस्तुत किया आवेदन अंतिम होगा।

(ii) आवेदक, जो अधिसूचित अपेक्षाएं पूरा करते हैं, वे **एसएपी ऑनलाइन पोर्टल में एक बार पंजीकरण और आवेदन प्रस्तुत करना है**। हमारे वेबसाइट www.cochinshipyard.com (कैरियर पृष्ठ) में ऑनलाइन के ज़रिए **दिनांक 13 नवबंर 2020 से 30 नवंबर 2020 तक** आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध होगी। **सीधे या अन्य किसी प्रकार में प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा**।

(iii) **ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के सबूत में सभी प्रमाणपत्र और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में अपलॉड करने केलिए सिस्टम में तैयार रखना चाहिए ।**

(iv) **आवेदक यह सुनिश्चित करें कि आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्रों और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन के अंतिम प्रस्तुति के पहले अपलॉड किया है, यदि असफल हो जाए तो, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और रद्द की जाएगी।**

(v) आवेदक यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रविष्टियाँ सही रूप में भरा गया है और आवेदन सफल रूप से प्रस्तुत किया गया है। किसी भी भाग में बेकार विवरणों को प्रस्तुत करना आपका आवेदन अस्वीकार करने का कारण बन सकता है।

(vi) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। **कृपया नोट करें कि अपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।**

(vii) **ऑनलाइन के जरिए आवेदन करने के बाद, आवेदक अपने संदर्भ केलिए सिस्टम द्वारा प्रजनित एकमात्र पंजीकरण संख्या के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का एक सॉफ्ट कॉपी/ प्रिंटआउट लें। इस पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि ऑनलाइन आवेदन सफल रूप में प्रस्तुत करने पर ही एकमात्र पंजीकरण संख्या प्राप्त किया जाएगा ।** ऑनलाइन आवेदन के पंजीकृत संख्या को सीएसएल के साथ पत्राचार के समय दिखाना चाहिए।

(viii) **आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति/ प्रमाणपत्र/डीडी/चालान/चेक के रूप में आवेदन शुल्क आदि डाक द्वारा कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को अग्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है ।**

(ix) एसएपी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के ज़रिए आवेदन देने केलिए, वेबसाइट **दिनांक 13 नवबंर 2020 से 30 नवंबर 2020 तक** प्रकार्यात्मक रहेगा। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **30 नवंबर 2020** है। अंतिम तिथि पर वेबसाइट में भारी भीड़ दूर करने केलिए, जो आवेदन की गैर - प्रस्तुति केलिए कारण हो सकता है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सीएसएल वेबसाइट में लॉग इन करें और अंतिम तिथि से पहले ही आवेदनों को प्रस्तुत करें। ***आवेदन की अंतिम तिथि पर आवेदन करने वालों को 1700 बजे के बाद एसएपी आवेदन पोर्टल में कोई समस्या निवारण सहायता / तकनीकी सहायता नहीं मिल सकती है।***

**छ) सामान्य:**

(i) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि सभी पदों केलिए रिक्ति अधिसूचना के अनुसार योग्यता अपेक्षाएँ रखते हैं।**

(ii) भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा :- भूतपूर्व सैनिक वह व्यक्ति है :-

क) जिसने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में नियमित या गैर योद्धा के रूप में किसी भी रैंक में सेवा की है, और

(i) जो या तो सेवानिवृत्त हो गया है या इस तरह की सेवा से अपने स्वयं के अनुरोध पर या नियोक्ता द्वारा अपनी पेंशन अर्जित करने के बाद कार्य मुक्त या सेवा मुक्त राहत हो गया हो; या

(ii) जो अपने नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थिति के कारण चिकित्सा आधार पर ऐसी सेवा से मुक्त हो गया है और उसे चिकित्सा या अन्य विकलांगता पैंशन से सम्मानित किया गया है; या

(iii) जो स्थापना में कमी के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है;

(ख) जो कार्य की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है, अन्यथा उसके अनुरोध पर, या बर्खास्तगी के माध्यम से, या कदाचार या अक्षमता के कारण निर्वहन किया गया है और उसे उपदान दी गई है; और प्रादेशिक सेना के कर्मियों, अर्थात् निरंतर सन्निहित सेवा केलिए पेंशन धारक या अर्हकारी सेवा की खंडित अवधि शामिल है; या

(ग) डाक सेवा सेना के कर्मी जो नियमित सेना के हिस्सा हैं और डाक सेवा सेना से सेवानिवृत्त हैं, पेंशन के साथ अपनी मूल सेवा से परावर्तन के बिना डाक सेवा सेना से मुक्त कर दिए गए है या उनके नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थितियों के कारण या बढे हुए चिकित्सा आधार पर सेना के डाक सेवा सेना से मुक्त किए जाते हैं या अन्य विकलांगता पेंशन से सम्मानित किया गया हो; /या

(घ) कार्मिकों, जो दिनांक 14 अप्रैल, 1987 से पहले छह महीने से अधिक समय तक डाक सेवा सेना में प्रतिनियुक्ति पर थे; या

(ङ) प्रादेशिक सेना के कर्मियों सहित सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार विजेताओं; या

(च) पूर्व सैनिक जो चिकित्सा के आधार पर भर्ती या मुक्त किए गए हो और चिकित्सा विकलांगता पेंशन प्राप्त हो।

(iii) शिपयार्ड को उनके आवेदन प्रपत्र में सूचितानुसार शैक्षिक योग्यता/अनुभव/अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाओं के सबूत में उम्मीदवारों से अन्य कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ी सबूत मांगने का अधिकार है, और ऐसे प्रश्नों की सूचना एवं उत्तर ई-मेल career@cochinshipyard.com द्वारा होना चाहिए । फिर भी, कोचीन शिपयार्ड निर्धारित तिथि एवं समय पर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/ गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा । ऐसे प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने पर, उस पर विचार नहीं किया जाएगा, और आगे कोई पत्राचार इस संबंध में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा।

(iv) परीक्षाओं/वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए लघुसूचीगत आवेदकों की उम्मीदवारी, पूर्ण रूप से अस्थायी होगी, जो आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि प्रमाण में मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन होगी । यदि उम्मीदवार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं या मूल प्रमाणपत्र बनाने में असफल पाए जाते हैं, तो, उम्मीदवार को चयन केलिए नहीं माना जाएगा और बिना किसी सूचना के उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी ।

(v) उम्मीदवार को चयन में भाग लेने हेतु यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता नहीं दी जाएगी।

(vi) अपात्रता के मामले में उम्मीदवारी के निरसन के संबन्ध में पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) **बुलावा पत्रों को डाक द्वारा लघुसूचीगत उम्मीदवारों को नहीं भेज दिया जाएगा।** उन्हें ईमेल/ एसएमएस/सीएसएल वेबसाइट **www.cochinshipyard.com** द्वारा बुलावा पत्र डाउनलॉड करने केलिए सूचित किया जाएगा। चयन की अनुसूची एसएमएस/ ईमेल/ सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) के माध्यम से लघुसूचीगत आवेदकों को सूचित की जाएगी।

(viii) केवल ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति और परीक्षा/वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए प्रवेश पत्र जारी करना उम्मीदवार को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं देगा या पात्रता मानदंड पूरा करने की अभिस्वीकृति के रूप में अनुमान नहीं किया जा सकेगा।

(ix) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति चरित्र व पूर्ववृत्त के सत्यापन और यदि लागू हो, तो जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन होगी।

(x) उम्मीदवार को कंपनी द्वारा निर्धारितानुसार चिकित्सा योग्यता मानकों को पूरा करना है और अच्छा स्वास्थ्य रखना चाहिए। साक्षात्कार के बाद नियुक्ति केलिए लघुसूचीगत उम्मीदवारों को अपने खर्च में कंपनी द्वारा निर्धारित अस्पतालों

में चिकित्सा परीक्षा में जाना होगा और चिकित्सा योग्यता आगे एचसीएसएल की ओर से सीएसएल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित करने के अधीन है।

(xi) चयनित उम्मीदवारों को अधिसूचित पदों के न्यूनतम वेतनमान पर रखा जाएगा।

(xii) एचसीएसएल की ओर से सीएसएल सरकारी/ सार्वजनिक उद्यमों में पहले ही कार्यरत किसी उम्मीदवार के पिछले रोज़गार के वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन अंशदान आदि के कारण किसी देयता को नहीं संभालेगा।

(xiii) प्रतीक्षा सूची सभी विषयों हेतु बनाए रखा जाएगा और इसमें शामिल होने की तिथि के भीतर रैंक सूची से कोई उम्मीदवार के शामिल न होने के कारण होनेवाली रिक्तता की स्थिति में संचालित की जाएगी जैसा कि उम्मीदवार को जारी किए गए नियुक्ति के प्रस्ताव में निर्धारित किया गया है या जहाँ एक उम्मीदवार पद से जुड जाता है और सीएसएल में शामिल होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति की मृत्यु होने या पद से इस्तीफा दे देता है। प्रतीक्षा सूची की वैधता अवधि, परिणाम के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष तक या नियुक्ति की तिथि से उम्मीदवारों को जारी किए गए नियुक्ति प्रस्ताव में निर्धारित, जो भी पहले हो, जब तक कि उस पद के लिए नई अधिसूचना जारी नहीं की जाती है। ऊपर बताई गई रिक्ति को एक ताजा रिक्ति के रूप में नहीं माना जाएगा और इस अधिसूचना के सामने भरे गए पदों की वास्तविक संख्या किसी भी परिस्थिति में इस अधिसूचना में इंगित रिक्तियों की संख्या से अधिक नहीं होगी।

(xiv) उपरोक्त या किसी अन्य शर्तों के बावजूद कोचीन शिपयार्ड को अधिसूचित रिक्तियां न भरने का भी अधिकार होगा। इसके अलावा अधिसूचित रिक्तियों को भरने हेतु रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन किया जाएगा। कोचीन शिपयार्ड को यदि अपेक्षित है तो, सूचना के बिना अथवा उसके लिए कोई भी कारण नियत किए बिना भर्ती प्रक्रियाएं सीमित करने / बदलने/ रद्द करने / परिवर्तन करने का अधिकार है।

(xv) यदि किसी स्थिति में, कोई सूचित कार्य असत्य/ गलत पाया गया या उम्मीदवार योग्यता अपेक्षाओं को पूरा न करते हैं तो, बिना सूचना के उम्मीदवारी / नियुक्ति, रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी।

(xvi) इस विज्ञापन से व्युत्पन्न किसी दावा अथवा विवाद के संबन्ध में किसी वैध कार्रवाई और/अथवा इस संबन्ध में आवेदन केवल एर्णाकुलम में अधिकार क्षेत्र होने वाले न्यायालय/ट्रिब्यूनल/मंच में संस्थापित कर सकता है और ऐसे न्यायालय व प्राधिकरण को एकमात्र तथा विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

(xvii) विज्ञापन में कोई आशोधन, संशोधन अथवा परिवर्तन केवल सीएसएल वेबसाइट में ही दी जाएगी।

(xviii) कोई भी स्पष्टीकरण केलिए, कृपया ई-मेल career@cochinshipyard.com के ज़रिए संपर्क करें।

## च. महत्वपूर्ण तिथियां:

**ऑनलाइन आवेदन का प्रारंभ : 13 नवंबर 2020**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 30 नवंबर 2020**

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।"**

**"केवल भारतवासी ही आवेदन करें ।"**

**ह/-**

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एचसीएसएल)**